Year-9-10; 2018-19
ISSN–2231-1130

Impact Factor – 3.521(IIJIF)
VEETHIKA

# नाट्यशास्त्रे संस्कृतरङ्गमञ्चस्य वैशिष्ट्यम्

मीनाक्षी गौतम*

भारतीय विद्वन्मनीषिणां प्रतिभा सिद्धान्त प्रतिपादने तु चकास्त्येव, तत्तद्व्यवहार–विवरण–प्रकाशनेऽपि तथैव प्रतिभाति। नाट्योत्पत्तिर्यथा भारतीय–नाट्याचार्याणां सैद्धान्तिकप्रतिभाविलासोऽस्ति, तथैव रङ्गमञ्चीय– रचना तद्व्यावहारिकप्रतिभा–निदर्शनमस्ति। भारते समग्र–साधन–सम्पन्न रङ्गमञ्चोदयस्तावदने प्राचीनो, यथो प्राचीनोऽभिनयोदयः। भरतमुनिः स्वीय–प्रसिद्धग्रन्थे भरतनाट्यशास्त्रेऽनयोरुभय–विषयथोरा। प्राचीनतमं विवरणं प्रास्तौत्। भारतीय रङ्गमञ्चे एका स्वकीया संश्लिष्टताऽस्ति, येन तस्य प्रभावो बृहत्तरभारते (जावासुमात्राप्रभृतिद्वीपेषु) रंगमंचप्रभावः आपतितः, सः प्रभावोऽद्यापि तद्रूप एव द्रष्टुं शक्यः।

रङ्गमञ्चस्य प्राचीनं नाम रंगशाला वा प्रेक्षागृहमस्ति। भारतीय–रंगमंचस्य सर्वाङ्गीणव्यवस्था, रमणीय–साजसज्जा, वैज्ञानिक–निर्मितिश्च सर्वथाऽद्वितीयाऽसाधारणी परमविशिष्टा चास्ति। भारतीय–रंगमंचेस्वीयाऽद्भुता सुश्लिष्टताऽस्ति। आदौ भारतीय नाट्याभिनयः मुक्त गगनस्या। अनावृतभूक्षेत्रे सम्पद्यतेस्म, तत्र न कश्चन प्रतिबन्ध आसीद् दर्शनाय।

भरतमुनिवचनानुसारं प्राचीन भारतीय–प्रेक्षागृहाणां नाट्यमण्डपास्त्रिविद्या भवन्ति स्म। एषां त्रयाणां नाट्यमण्डपानां परिमाणाः तदुपयोगाश्च भिन्ना भवन्ति स्म। एषां त्रयाणामपि नामान्यासन्–1. विकृष्टः, 2. चतुरस्रश्च, 3. त्र्यस्रश्च। एषु विकृष्टः प्रेक्षागृहः बृहत्तमो भवति स्म, तथा चायं देवेभ्य एव नियत आसीत्। अस्य परिमाणः अष्टोत्तरमेकशतहस्तपरिमितो भवति स्म। एष गोलाकारो भवति स्म। चतुरस्ररंगमंचस्तु स्पष्टमेव चतुष्कोणो भवति स्म, अस्य दैर्घ्यं चतुःषष्टिहस्तमिंत, विस्तरश्च द्वात्रिंशहस्तपरिमितो भवतिस्म। एष चतुरस्रप्रेक्षालयः मध्यमस्तरीयः, विशेषतो राजभ्यः, सामान्य जनेभ्यश्चापीदं प्रेक्षागृहमादर्शप्रेक्षागृहरूपेण स्वीकृतमासीत्। त्र्यस्र – रंगमंचस्त्रिकोणात्मकः भवति स्म। अस्य रंगमंचस्य प्रत्येकशाखा द्वात्रिंशहस्तपरिमिता भवति स्म। अस्य रंगमंचस्योपयोगोः लघुनाट्याभिनयेभ्यः क्रियते स्म।

आसु तिसृष्वपि रंगशालासु चतुरस्रनामकं मध्यमप्रेक्षागृहमादर्शप्रेक्षागृहरूपेण प्रतिष्ठितमासीत्। अस्य वैशिष्ट्यवर्णनप्रसंगे भरतमुनेर्व्यावहारिक–वैज्ञानिकषटुत्वमभिज्ञायते। आदर्शप्रेक्षागृहचयनप्रसंगे त्रीणि तथ्यानि विशेषतोऽवधेयान्यासन्–

रंगमंचे सम्पद्यमान–संवादानां गायनादीनां च श्रवणं सम्यक्तया भवेदिति निर्धारणम्। यतो नाट्यप्रयोगे गीतोपयोगो दर्शनकानां मनोरंजनायैव क्रियते। यतः गीत–संवादादीनां स्वरध्वनयो यदि श्रोतृणां श्रुतिगोचरा न भवेयुस्तर्हि ते श्रोतारस्तन्नाट्याभिनयेन आनन्दिता न भवितुमर्हन्ति। अभिनयेषु सात्विकाभिनयो महत्त्वपूर्णः। विविधावस्थासु विविध–रसाभिनय–प्रसंग सम्बद्धपात्राणां मुखमण्डलेऽभिनीतभाव–प्रभावः आपतति। एतत् साक्षात्कारः मध्यमपरिमाण प्रेक्षागृहेष्वेवोचितरीत्या भवितुमर्हति, यथा प्राह भरतमुनिः–

**यश्चाप्यास्यगतो भावो नानादृष्टिसमन्वितः।**
**स वेश्मनः प्रकृष्टत्वात् ब्रजेदव्यक्ततां पराम्।।**
**यस्मात् पाठ्यं च गेयं च तत्र श्रव्यतरं भवेत्।**
**प्रेक्षागृहाणां सर्वेषां तस्मान्मध्यममिष्यते ।।**

मध्यमरंगमंचः चतुःषस्टिहस्तपरिमितं दीर्घः द्वात्रिंशद हस्तपरिमितं विस्तृत एकश्चतुष्कोणाकारः रंगमंचो भवति। रंगमंचस्य मुख्यं भागद्वयं भवतिस्म, अस्य अर्द्धभागः प्रेक्षकाणां कृते सुरक्षितो भवतिस्म, अपरोऽर्द्धभागश्च रंगमंचव्यवस्थायै सुरक्षितो भवति स्म।

रंगमंचस्य प्रथमभागस्य नाम रंगशीषमित्यासीत्, एषभागोऽष्ट हस्त परिमितलम्बाकारः, चतुर्हस्तमितं विस्तृतो भवति स्म। इतोऽग्रिमो–भागोऽपि एतावत् परिमाण एव भवति स्म, तच्च नेपथ्यगृहमकथ्यत ।

रंगशीर्षेऽभिनयरक्षकाणां देविदेवानां विशिष्टपूजा भवति स्म, तथा च नेपथ्यगृहं तु स्पष्टतः पात्राणां वेशभूषा सज्जार्थं परिवर्तनाय च स्वतंत्ररूपेण प्रायुज्यत्। रंगशीर्षान्नेपथ्यगृहमागन्तुं द्वारद्वयमसृज्यत्। नेपथ्यगृहाद् अग्रे रंगपीठो भवति स्म, रंगपीठः षोडशहस्तपरिमितं लम्बः, अष्टहस्तमितं च विस्तृतो भवति स्म, यत्राभिनेतृपात्रैः समग्राभिनयः प्रादर्श्यत्। रंगपीठान्नेपथ्यगृह प्रायाणाय द्वारमेकं भवतिस्म, अभिनेतारः स्वीय–प्रवेश–निर्गमाभ्या मस्यैव द्वारस्य प्रयोगं कुर्वन्ति स्म। रंगपीठमुभयतः पार्श्वयोः सार्द्धैकहस्तमिता मत्तवारणी (विरामदा) भवतिस्म। रंगशीर्षरचनायाः यद्विधानं सुलभमस्ति, तदनुकूलं रंगमंचः न तु कूर्मपृष्ठवद् भवति, न तु मत्स्यपृष्ठवद्भवेत्, अपितु दर्पणवत् समतलो मसृणश्च भवेत्। यदा–कदा पात्रप्रवेश सूचना रंगपीठे न दीयते, प्रत्युत नेपथ्यगृहादेव तद्विषयिणी सूचना दीयते। ईदृशपात्रप्रवेशः चूलिका कथ्यते।

नाट्यमण्डपः पर्वतगुहाकारो भवेत्। तत्र द्वे खण्डयोः भवतः। तत्र ऊर्ध्वखण्डे देवसम्बद्ध घटनाः प्रादर्श्यन्त, अद्यःखण्डे च मानवीय घटनानामभिनयः क्रियते

*शोधच्छात्रा रा0 सं0 सं0 गोमती नगर परिसर, लखनऊ

स्म। नाट्यमण्डपस्य भित्तयो विविध चित्रैः सज्जिता भवन्ति स्म, इमानि चित्राणि सामयिकानि, विषयसम्बद्धानि, अतएव परमोपयुक्तानि भवन्ति स्म। रंगमंचरचना विवातस्थाने नैव करणीया, यतो वायुवेगप्रभावेण शब्द स्वरगाम्भीर्यं न भवेत्, न च शब्दश्रुतिरेव श्रोतृणां श्रुतिगोचरीभवेत्।

दर्शकाणामुपवेशनाय समुचिता परमसुविधामयी सुरम्या सुव्यवस्था क्रियते स्म। दर्शकोपवेशनाय सोपानाकारा वीथिका भवन्ति स्म। भरतमुनि मत्या सोपानानि भूमेरेकहस्तपरिमितमूर्ध्वं व्यरच्यन्त, इष्टकैः काष्ठैश्च सोपान निर्माणं क्रियते स्म। दर्शकोपवेशनस्थानानि रंगपीठावलोकनीयानि भवन्ति स्म, अर्थात् उपवेशनस्थानानामीदृशी साजसज्जा भवति स्म, यथा क्वापि स्थित्वा रंगपीठे संपद्यमानानामभिनयानां साक्षादवलोकनं सम्यक् कर्तुं शक्येत।

प्राचीनप्रेक्षागृहस्येदं सुविकसितरूपं भारतीयनाट्याचार्याणां स्वीय प्रतिभायाः विलासोऽस्ति। भारते प्रेक्षागृहनिर्माणं नाट्यकलायाः प्रभातकाल एव सम्पन्नाभूत् तच्च सकृदेव सर्वाङ्गीणसुव्यवस्थितरूपेण सम्पन्नम्। प्रचीनरंगपीठः यथार्थवादी आसीत् परन्तु रंगपीठे घृणोद्रेगजनकदृश्याभिनयप्रदर्शनं सर्वथा वर्जितमासीत्। रंगपीठे युद्ध– भोजन शयनाद्यभिनयप्रदर्शनं सर्वथा वर्जितमासीत्। प्राचीनसाहित्याध्ययनेनाभिज्ञायते यत् पर्वतगुहानामुपयोगः संगीत–गायन–नृत्यादिभ्यः क्रियते स्म। अतः पर्वतगृहाकारस्य विचित्र रचनाऽस्य तथ्यस्य स्पष्टं प्रमाणमस्ति यदत्र रंगमंच स्थापनायाश्मकृतच्छिद्राण्यवलोक्य नैसर्गिकोऽनुमानो भवति यदत्र काष्ठनिर्मित रंगमंचप्रयोगः सम्यक् क्रियते स्म।

भारतीयरंगमंचप्रभावो वृहत्तरभारतस्य नाट्यप्रयोगे विशेषरूपेणापतितः। बरमा–स्याम–कम्बोज –जावा–बाली प्रभृतिसकलदेशाणां नाट्याभिनये भारतीय–नाटकानां व्यवस्थितप्रभावः आपतितः। कम्बोडियादेशस्य राजकीयरंगशाला राम–रामेति नाम्ना समबोध्यत। रचना–विषये एषा रंगशाला भारतीयरंगमंच तुल्यैव आसीत्। रंगपीठं निकषैव पात्राणां वेशभूषापरिवर्तनाय, साजसज्जायै च नेपथ्यगृहव्यवस्था भवति स्म। रामायणाभिनयावसरे एव सकलाभिनेतारः पुरूषा एव भवन्ति स्म। अन्य परिस्थितिषु स्त्रिय एव नटानां भूमिकापस्ववत्तीर्णाकृ भवन्ति। रंगशालाया एको विशेषप्रबन्धको भवति स्म। अयं विशेष प्रबंधकः भारतीयनाट्याचार्यसदृशो भवतिस्म। नटी–श्रृङ्गारसाजसज्जाशिक्षणादेः दायित्वं राजसदनस्य कस्याश्चिद् विशिष्टशिक्षितमहिलायां भवति् स्म। जावादेशस्य नाटकानि छायानाटकान्येव भवन्ति स्म। इदं छायानाटकं सप्तधा वर्गीकृतमासीत्। भारतवर्षे पुत्तलिकानृत्यमिवास्यापि प्रदर्शनं क्रियते स्म। एषां छायानाटकानां भेदाः विषयाश्च तथा च समग्रं जावादेशीय साहित्यमपि सर्वमेव भारतीयसाहित्येन अनुप्राणितमस्ति। अभिनय–प्रदर्शन प्रयोगा अपि भारतीयनाट्यसाहित्येन प्रेरितमनुप्राणितमस्ति। इत्थं भारतीयरंगमंचः स्वकीय वैज्ञानिकतया, सुव्यवस्थया, विपुलप्रभावशालितया सार्वभौमरंगशालेतिहासे सविशेषं सर्वातिशायि महत्वशालि अस्ति।

केचन समालोचकाः विशेषतः पाश्चात्यसमालोचकविद्वांसो वा पाश्चात्य–पोषकसमर्थकाः भारतीय– विद्वांसः संस्कृतनाट्यवैशिष्ट्य परिक्षणप्रसंगे काल–स्थानैक्याभावदोषारोपणं कुर्वन्ति। यदि सतर्कतया विचार्येत तर्हि ज्ञातुं शक्यते यत्संस्कृतनाटकेष्विमे द्वे अप्यन्विती प्राप्येते। नाट्यशास्त्राचार्याणां वचनमस्ति यदेकाकं–नाटकेषु प्रदर्शितघटनाः पंचमुहूर्तमात्रपरिमितावधौ एव घटिता भवेयुः, न ततोऽधिकम्। एकमुहूर्तमष्टचत्वारिंशत्क्षणानां भवति। कालस्यायं परिमाणः ईदृशोऽस्ति यस्मिन्नविश्रामम् अव्यवहितरूपेण च दैनिककार्याणि सम्पादयन्, एकोऽभिनेताऽभिनयं कर्तुं शक्नोति, दर्शकाश्च् अभिनयप्रदर्शनं द्रष्टुमर्हन्ति। यदीतोऽधिककालापेक्षितघटनानां प्रदर्शनमपरिहार्यं भवेत् तर्हि ताः विभज्य द्वयोरंकयोः प्रदर्शनीयाः अथवा अल्पमहत्त्वशालिनो भागा वा महत्त्वहीनघटनाशाः सूच्यदृश्ये प्रदर्शनीयाः। सूच्यदृश्येप्येकवत्सराधिककालीनघटनाः अप्रदर्श्याः। एवमेव स्थानैक्यान्वितिरपि संस्कृतनाट्यकारैरागृहीताऽस्ति। एकांके घटितास्तथा दुरंगता न स्युर्यदभिनेता नियतकालावधौ तत्र प्राप्तुमेवासमर्था भवेत्। यद्येतद्देशगतदूरत्वमपेक्षयाधिकं भवेत् तर्हि घटनाः, विभज्य द्वयोरंकयोः प्रदर्शनीयाः। परन्त्वेष नियमः डिमादिरूपकाणां दिव्यपात्रेभ्यो नहि निर्धारितः, यतोदिव्यत्वात्तेऽभिनेतारः एकाकं एव आकाशयानाद् दूरस्थानानामपि यात्रां समुचितरूपेण कर्तुं शक्नुवन्त्येव। अतः स्थानान्वितिरपि संस्कृतनाटकेषु मान्याऽस्ति। कार्यैक्यात्वितिस्तु संस्कृतनाटकेषु निर्विवादरूपेण मान्यैवास्ति।

इत्थं खलु निर्विवादरूपेणवक्तुं शक्यते यत्संस्कृतरंगमंचः अभूतपूर्ववैशिष्ट्यसम्पन्नोऽद्वितीयश्रेष्ठः सर्वातिशायी च प्रशंसनीयोऽस्ति।

**सन्दर्भ**

1.कार्यं शैलगुहाकारो द्विभूमिर्नाट्यमण्डपः।
मन्दवातायनोपेतो निर्वातो धीरशब्दवान्।। नाट्यशास्त्र 2/58

2.स्तंभाना वाह्यतश्चापि सोपानाकृतिपीठकम्।
इष्टकदारुभिः कार्यं प्रेक्षकाणां निवेशनम्।।
हस्तप्रमाणैरुपसेधैः भूमिभागसमुत्थितैः।
रंगपीठावलोक्यं तु कुर्यादासनजं विधिम्।। नाट्यशात्रस्य द्वितीय अध्याय

Year-9-10; 2018-19
ISSN–2231-1130

Impact Factor – 3.521(IIJIF)
●●●●VEETHIKA●●●

# वेदों में आयुर्विज्ञान का विवेचन

योगेन्द्र कुमार सिंह*

वेद विश्व के महान विद्वानों द्वारा समादृत हैं, इनमें सदियों पूर्व से 'वसुधैव कुटुम्बकम्' की पवित्र भावना मानव कल्याण का साधन बनकर उन्हें अनुप्राणित करती आयी है। आचार्य सायण के अनुसार "अभीष्ट वस्तु की प्राप्ति तथा अनिष्ट के परित्याग के लिए अलौकिक उपाय जो ग्रन्थ बताता है, वह वेद है। वेदों में श्रेय एवं प्रेय दोनों मार्गों का विवेचन है। मनु ने इन्हें 'सर्वज्ञानमय' कहा है अर्थात् वेदों में सभी प्रकार का ज्ञान–विज्ञान निहित है– सर्वज्ञानमयो हि सः।

आयुर्वेद (आयुर्विज्ञान) को ऋग्वेद का उपवेद होने का गौरव प्राप्त है। वेदों में आयुर्विज्ञान सम्बन्धित अनेक मन्त्र विद्यमान हैं, अथर्ववेद को भिषग्वेद की संज्ञा से अभिहित किया गया है। वेदों में आयुर्विज्ञान का अस्तित्त्व आंतरिक प्रमाणों पर दृष्टिपात करने से ज्ञात होता है कि ब्रह्म के द्वारा मानव सृष्टि प्रक्रिया के सूत्रपात होने से पूर्व ही विद्यमान था। महर्षि सुश्रुत ने लिखा है कि "आयुर्विज्ञान का सृजन ब्रह्म ने समस्त प्राणियों के सृजन से पूर्व किया था, जिसमें एक लाख श्लोक थे और उसे एक हजार अध्यायों में विभक्त किया गया था।"

ऋग्वेद में आयुर्विज्ञान के तथ्यों का सम्यक् विवेचन अनेकशः किया गया है जिसमें आयुर्विज्ञान का उद्देश्य, वैद्य के गुण–कर्म, विविध ओषधियों से लाभ, विविध चिकित्सा विधाएँ आदि हैं।

यजुर्वेद में भी दीर्घायुष्य, नीरोगता तथा अग्नि एवं जल के गुण–कर्म विवेचित है। सामवेद में सम्बन्धित विषयवस्तु का विवेचन अत्यन्त न्यून है, लेकिन अथर्ववेद में आयुर्विज्ञान के प्रायः समस्त अङ्गों–उपाङ्गों का विस्तृत वर्णन मिलता है। गोपथ ब्राह्मण में अथर्ववेद के मन्त्रों को आयुर्विज्ञान से सम्बद्ध बताया है और अथर्वा का अर्थ भेषज किया है। वेदों में मनुष्य को आरोग्य प्रदान करने वाली अनेक चिकित्सा पद्धतियों का वर्णन मिलता है जिसमें 1. कायचिकित्सा (जठराग्नि), 2. ऊर्ध्वाङ्ग चिकित्सा इसे शालाक्य चिकित्सा भी माना जाता है जिसमें नाक, कान तथा गला आदि के रोगों का उपचार होता था, 3. शल्यचिकित्सा, 4. विषचिकित्सा (Toxicology) 5. वाजीकरण अथवा पुरुष के वीर्य में शुक्राणुओं की सङ्ख्या बढ़ाने की पद्धति। इसी प्रकार आथर्वणी चिकित्सा, जिसमें मन्त्रों के द्वारा मनोरोगियों की तथा आङ्गिरसी चिकित्सा द्वारा विविध वनस्पतियों के ओषधीय रसों से उपचार की पद्धतियाँ अथर्ववेद में वर्णित हैं। वेदों में मनुष्य के शरीर के अनेक अङ्गों का नामकरण तथा उनके बीमारियों से ग्रसित होने तथा उपचार का विधिवत् विवेचन अथर्ववेद में प्राप्त होता है। सभी रोगों का कारण है वात, पित्त और कफ का कोप अर्थात् अहित का सेवन।

सर्वेषाम् रोगाणां निदानं कुपिता मताः।

इसके अतिरिक्त वेदों में विष को समस्त रोगों का आदि कारण माना गया है और उसके शमन हेतु मधु आदि औषधियों का उल्लेख है। वेदों में रोगों के दो भेद माने गये हैं, कायिक और आगन्तुक। कायिक के लिए अमीव या अमीवा तथा आगन्तुक के लिए रक्षस् या यातुधान शब्द आया है।

**विविध रोग एवं उपचार पद्धति–**

ज्वर– ज्वर के लिए तक्मन् शब्द आया है, चरक ने इसे सभी रोगों में प्रधान माना है। यह वात, पित्त और कफ के दूषित होने से होता है। यह कम्पन–युक्त, खांसी–युक्त है–

शीतोऽथो रुरः सह कासावेपथः।

इसके उपचार हेतु अग्नि, सोम तथा वरुण को मुख्य कारक माना गया है। इस त्रिविध कारकों से तात्पर्य है जठराग्नि, सोम ओषधि तथा स्वच्छ जल, इनके उपयोग से ज्वर नाश हो सकता है। इसी तरह राजयक्ष्मा रोग के उपचार हेतु यज्ञ का विधान है जिससे संस्कारित वायु फेफड़े के जीवाणुओं को मारकर आरोग्य देती है।

हरिमा, कामला या पाण्डुरोग इसे ऋग्वेद में *'हरिमन्'* कहा गया है। इसके उपचार हेतु ऋग्वेद एवं अथर्ववेद में सूर्य रश्मि चिकित्सा बताई गयी है, जिसमें रोगी को प्रातःकाल सूर्योदय के समय उसी दिशा में 15 मिनट बैठाने से यह ठीक हो जाता है। इसके अतिरिक्त लाल गाय का दूध भी पाण्डुरोग में लाभप्रद है–

गावो या उत्तरोहिणी।

वेदों में चर्मरोग सम्बन्धित अनेक उपायों का वर्णन है जिनमें कुष्ठरोग तथा उसका निदान प्रमुख है। अथर्ववेद में कुष्ठ चिकित्सा हेतु स्नेहपान (घी, तेल) से चिकित्सा, श्वेत कुष्ठ के लिए किलास एवं पलित शब्द मिलते हैं, जिन्हें आधुनिक आयुर्विज्ञान में (Leucoderma) या विटिलाइगो कहा गया है। इसके उपचार हेतु अथर्ववेद में नक्तम्, रामा, अस्किनी, ब्रह्मन् आदि ओषधियों का वर्णन है। इसमें 'नक्तम्' को 'गुग्गुल' कहा जाता है।

अथर्ववेद में हृदय रोग को हृदद्योत या हृदयामय शब्द आया है। अथर्ववेद में जल चिकित्सा को सबसे उत्तम बताया गया है। इसी प्रकार रेचक (अजीर्ण) तथा अश्मरी (पथरी), प्रमेह (मधुमेह) जैसे रोगों का नाम तथा

*शोधच्छात्र,संस्कृत तथा प्राकृत भाषा विभाग,लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ

निदान मिलता है। अथर्ववेद में प्रमेह के लिए पिप्पली, क्षिप्तभेषजी, साल आदि ओषधियाँ निर्दिष्ट हैं।

वेदों में सुख प्रसव तथा अनपत्यता (बांझ) रोग का निदान बताया गया है, जिसके लिए ऋषभक नामक ओषधि का वर्णन मिलता है जिससे अनपत्यता दूर हो जाती है। वेदों में शल्य चिकित्सा का वर्णन सबसे प्रधान विषय है। अश्विनी देवताओं के वैद्य हैं और उन्हें शल्य चिकित्सा का जनक माना जाता है। इनके लिए मन्त्रों में दस्त्र और नासत्य शब्द आया है–

नासत्याः.....दस्त्रा भिषजौ।

इसी प्रकार रुद्र को ओषधियों का धारणकर्त्ता तथा श्रेष्ठ चिकित्सक कहा गया है–

भिषक्तमं त्वां भिषजां श्रृणोमि।

इसके अतिरिक्त वेदों में मानव की मानसिक स्थिति का सम्यक् संतुलन बनाए रखने के लिए विविध उपाय वर्णित हैं। शोक, क्रोध, ईर्ष्या, द्वेष इत्यादि जो अनेक संवेग हैं उनके विषमीकरण से मानसिक रोग उत्पन्न होते हैं, जिन्हें चरक ने प्रज्ञापराध की संज्ञा दी है। यजुर्वेद के छः मन्त्रों में मन के शिवमय होने के लिए प्रार्थना की गयी है–

तन्न मे मनः शिवसङ्कल्पमस्तु।

जिससे मन के संवेग का नियन्त्रण होने पर बल दिया है, जो यह तथ्य स्पष्ट करता है कि यदि मन दूषित होता है तो तन भी दूषित (रुग्ण) होगा।

मनोबल में इतनी सामर्थ्य है कि वह बड़े–बड़े रोग को नष्ट करके नवजीवन देने की क्षमता रखता है। इसी पद्धति के आलोक में वर्तमान में 'स्वसङ्कल्प शक्ति' नामक चिकित्सा पद्धति का आविष्कार हुआ। मन की शक्ति से केवल हस्तस्पर्श द्वारा रोगी को आरोग्य प्रदान करने का वर्णन ऋग्वेद में हुआ है–

हस्ताभ्यां दशशाखाभ्यां जिह्वा वाचः पुरोगवी।
अनामयित्नुभ्यां त्वा, ताभ्यां त्वोप स्पृशामसि।।

इसके अतिरिक्त वर्तमान समय में जीवन प्रत्याशा की सङ्कल्पना का दर्शन वेदों में होता है जिसे हम दीर्घायुष्य कहते हैं। उसके विवर्धन हेतु कई उपाय वेदों में बताए गए हैं–

1. पर्वता ध्रुवाः– पर्वतों का आश्रय लेना अर्थात् स्वच्छ वायु का सेवन।
2. उद्यन् सूर्यो नुदतां मृत्युपाशान्– प्रातःकालीन सूर्य की किरणों को शरीर पर पड़ने देना जो अस्थि को दृढ़ करती है।
3. शुद्ध जल को भी दीर्घायुष्य प्रदान करने का सबसे प्रबल तत्त्व माना गया है। स्वच्छ जल अमृततुल्य है– अप्सु अन्तरमृतम् अप्सु भेषजम्।
4. इनके अतिरिक्त अथर्ववेद में उग्रौषधि (दर्भ, कुशा) मणि के धारण करने से दीर्घायुष्य प्राप्त होने का वर्णन मिलता है।

वेदों की ऋचाओं में मनुष्य ही नहीं अपितु समस्त जीवों के कल्याण हेतु आयुर्विज्ञान के रूप में विविध उपचार वर्णित हैं जो इस तथ्य को स्पष्टतः पुष्ट करते हैं कि हमारा भैषज्य विज्ञान समावेशी तथा संपोषणीय था। पशुओं की चिकित्सा के रूप में 'सहदेवी' नामक ओषधि का परिचय अथर्ववेद में मिलता है, जिसके अन्य नाम हैं 'विश्वरूपा' तथा 'सुभगा' यह दुग्धवर्धिनी है। अश्व, गायों तथा अन्य पशुओं के रक्षक के रूप में अथर्ववेद में 'आञ्जन मणि' ओषधि का नाम प्राप्त होता है। अथर्ववेद में एक सूक्त पशु संरक्षण पर प्राप्त होता है। इसके छः मन्त्रों में उनमें होने वाले रोगों के कारण एवं निवारण दोनों प्राप्त होते हैं।

इसके अतिरिक्त गायों की चिकित्सकीय व्यवस्था हेतु अनेक ओषधियाँ निर्दिष्ट हैं जो 'सर्वे सन्तु निरामयाः।' की भावना को संपोषित करती है। वेदों में आरोग्य एवं आयुष्य प्रदान करने वाली अनेक ओषधियों, वनस्पतियों का नामोल्लेख मिलता है–

1. अपामार्ग– इसका वर्णन यजुर्वेद एवं अथर्ववेद में मिलता है, यह रोगनाशक है।
2. अभ्रिखाता– विषनाशक।
3. अरुन्धती– यह व्रणपूरक है, जीवलाम अरुन्धीय।
4. अर्क– यह मलकृमि नाशक है, सूजन दूर करता है।
5. अर्जुन– इसकी छाल का क्वाथ ह्रदयरोग एवं अश्मरी में सेव्य है– हरिता अर्जुन उत।
6. अस्किनी– अथर्ववेद में वर्णित है, यह श्वेत कुष्ठ में उपयोगी है– अस्किनी असि ओषधे नाशया पृषत्।
7. उर्वारुक– यह बलदायक तथा वीर्यवर्धक है। ऋक् यजुर्वेद में अनेकशः वर्णित है।
8. कुश– यह जल के तुल्य पवित्र है, यह मेधाजनक माना गया है। यह पथरी नाशक भी है।
9. अथर्ववेद में तुलसी का वृक्ष कितना लाभदायक है इसका वर्णन है–

   सरुपकृत् त्वयोषधेसा, सरूपमिदं कृधि
   श्यामा सरूपं करणी पृथित्या अत्यद्भुता।
   इदम् सुप्रसाधय पुना, रूपाणि कल्पय।।

10. सोम (गिलोय सा ब्राह्मी) की प्रशंसा निम्न मन्त्रों में प्राप्त होती है–

   शं राजन् ओषधीभ्यः।
   आप्यायमानो अमृताय सोम।

   यह अभिषव करने के उपरान्त 'दशपवित्र' छलनी से निष्यंदित करके द्रोण कलश में सुरक्षित रखा जाता था जो कान्ति, ओज, बल, वीर्य प्रदान करता था।

11. खदिर– यह तीनों वेदों में वर्णित है। यह ओजवर्धक, खांसी, कृमि, प्रमेह, ज्वर, व्रण, श्वेतकुष्ठ, पाण्डुरोग में लाभदायक है।
12. जीवला– अथर्ववेद में वर्णित है। यह जीवन शक्ति देने वाली है।
13. तिल्वक– मैत्रायणी संहिता में वर्णित। यह रुधिर विकार, कुष्ठ, प्रमेह तथा कृमिनाशक है।
14. पिंषती– ऋग्वेद में इसे सर्प विष को नाश करने वाला बताया गया है।
15. बभ्रु– अथर्ववेद में वर्णित है। इसे ही सहस्त्रपर्णी (शङ्खपुष्पी) कहा गया है। इसके तीन भेद हैं– श्वेतपुष्पी, रक्तपुष्पी और नीलपुष्पी। इसे बुद्धिवर्धक, बलवर्धक और अग्निवर्धक (क्षुधावर्धक) कहा गया है– बभ्रु कल्याणि सं नुद।
16. नितत्नी– यह केशवर्धक ओषधि है। इसका अपरनाम 'चुपुणीका' है। यह भूमि के भीतर दबी रहती है– नितत्नि केशेभ्यो दृंहणाय खनामसि।
17. माषपर्णी– इसे चित्रपर्णी भी कहा गया है। यह रक्तशोधक, गर्भपोषक, कुष्ठनाशक कहा गया है। अथर्ववेद में विस्तृत रूप से वर्णित है– गर्भादं कण्वं नाशय पृश्निपर्णी।
18. यवाष– यही जवासा नाम से अभिहित है– इसमें बहुत तीक्ष्ण काँटे होते हैं। इसको उबालने से एक द्रव्य निकलता है तथा पेड़ को उबालने से एक प्रकार की शर्करा निकलती है जो कफनिःसारक, ज्वरनाशक आदि है। काठकसंहिता में वर्णित है– तौ वृषश्च यवाषश्चाभवताम्। इन सब जीवनप्रद तथा रोगाणुनाशक ओषधियों के अतिरिक्त अनेक जीवनोपयोगी ओषधियों का संस्त्व हमें वेदों में पुष्कल रूप से प्राप्त होता है। जिनमें आसुरी (नीली पौधा), तलाशा, जङ्गिड़, वरणावती, हरिद्रा, लाक्षा, वचा आदि हैं। इस प्रकार वेदों में सहस्त्राधिक ओषधियों का वर्णन मिलता है। जो इस तथ्य को स्पष्ट करता है कि हमारे आयुर्विज्ञान का ओषधीय क्षेत्र अत्यन्त ज्ञानसम्पन्न तथा सर्वसुलभ था।

इस प्रकार आयुर्विज्ञान प्रागैतिहासिक मानकों से भी प्राचीन संस्करण में होते हुए भी तत्समय की समीचीनता सतत् रूप से अक्षुण्ण बनी हुई है। इसलिए आयुर्विज्ञान की महत्ता इसके विविध चिकित्सकीय उपचार पद्धति, प्राकृतिक तत्त्वों जिन्हें आर्यजन देवों के रूप में मानते थे उनसे भी आरोग्य की प्रार्थना तथा अनेकानेक ओषधियों से बनी हुई है। जिन प्रतिमानों पर सुश्रुत एवं चरक ने आधुनिक समाज को भैषज्य वर दिया वह वैदिक युगीन ऋषियों की दिव्य एवं दूरदृष्टा सोच का सुफल है। वेदों में दृष्ट, अदृष्ट, आकृतिभेद से जिन जीवाणुओं एवं विषाणुओं पर आज हमारा विज्ञान जगत मंथन कर रहा है। उनका सूक्ष्म विवेचन मन्त्र दृष्टाओं ने तत्समय कर लिया था। जैसे– भोजन और जल के माध्यम से अनेक हानिकारक कृमि मनुष्य के उदर में प्रवेश करके विभिन्न अङ्गों को रोग्रस्त कर देते हैं–

अन्वान्त्र्यं शीर्षण्यमथो पार्ष्टेयं क्रिमीन्।
अवस्कवं व्यवध्वरं क्रिमीन् वचसा जम्भयामसि।।

समस्त बिन्दुओं पर वैज्ञानिक दृष्टिकोण से विचार विमर्श करने पर यह तथ्य स्पष्ट हो जाता है कि वेद आध्यात्मिक ही नहीं आयुर्वैज्ञानिक तथ्यों से परिपूर्ण हैं।

## संदर्भ सूची

1. तैत्तिरीय संहिता : भाष्य की भूमिका
2. मनुस्मृति, 2.7
3. बलदेव उपाध्याय : आयुर्वेद खण्ड–17
4. कपिलदेव द्विवेदी : वेदों में आयुर्वेद
5. अष्टाङ्ग निदान, 1.12
6. अथर्ववेद, 5.22.10
7. तदेव, 9.22.3
8. कपिलदेव द्विवेदी : वेदों में आयुर्वेद
9. ऋग्वेद, 1.116.16
10. तदेव, 2.33.4
13. तदेव, 10.137.7
14. अथर्ववेद, 1.4.4
15. तदेव, 3.39.1 से 3.39.6
16. अथर्ववेद पैप्लाद शाखा
17. तदेव, 8.7.6
18. तदेव, 4.37.5तदेव, 9.23.3
19. कुशीभिः, मैत्रायणी, 4.5.7
20. अथर्ववेद, 1.74
21. ऋग्वेद, 9.9.3
22. तदेव, 1.91.18
23. डॉ0 रामेश्वर दयाल गुप्त : वैदिक वाङ्मय में
24. विज्ञान
25. ऋग्वेद, 3.53.19
26. पिंषती, 1.191.2
27. अथर्ववेद, 6.139.3
28. तदेव, 6.136.1
29. तदेव, 2.25.1
30. काठक संहिता, 30.1
31. ओमप्रकाश पाण्डेय : वैदिक संस्कृति के मूलतत्त्व
32. अथर्ववेद, 2.39.